PageMaker क्या है?

PageMaker एक एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर है जो व्यक्तियों और समूहों को प्रकाशन बनाने और संपादित करने में सक्षम बनाता है. इसकी सहायता से हम विभिन्न प्रकार के किताब के डिजाईन,शादी कार्ड, ब्रोसर, पोस्टर इत्यादि को डिजाईन किया जाता है|



Adobe PageMaker कैसे open करे?

Start > All Programs > Adobe > Adobe PageMaker 7.0
या
Run open कर PM70 type कर OK पर क्लिक करे.



Title Bar

यह PageMaker Window के सबसे उपरी पट्टी होता है जो आपके document का नाम प्रदर्शित करता है. यदि आप एक नए document के साथ काम कर रहे हैं और इसे अभी तक Save नहीं किया है, तो Title Bar पर Untitled-1 प्रदर्शित करता है.

Rulers

PageMaker दो अनुकूलन Rulers प्रदान करता है, जो आपकी स्क्रीन के साथ क्षैतिज(Horizontally) और लंबवत(Vertically) रूप से चलते हैं। आप Rulers को inches या picas में मापने के लिए सेट कर सकते हैं.
नोट: Picas टाइपोग्राफी के लिए अद्वितीय माप की एक इकाई है. एक Pica 12 Points के बराबर है, जो एक इंच का लगभग 1/6 है.

Pasteboard

यह वह पृष्ठ है जो आपके पेजमेकर document के पीछे है. यदि आप text या images को पृष्ठों के बीच ले जाना चाहते हैं, तो इसका उपयोग करना एक आसान elements है. आप इन items को तब तक Pasteboard पर रख सकते हैं जब तक आप यह तय नहीं कर लेते हैं कि उन्हें पृष्ठ पर कहां रखा जाए. Pasteboard पर आपके द्वारा डाला गया कोई भी text या images प्रिंट नहीं होंगे.

Page Icons

आपकी स्क्रीन के निचले बाएँ कोने पर गिने हुए Page Icons प्रत्येक उस document के पृष्ठों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिस पर आप काम कर रहे हैं. आपके द्वारा देखे जा रहे विशेष पृष्ठ का आइकन हाइलाइट किया जाएगा.
सबसे बाएं में L और R आइकन आपके Master Page का प्रतिनिधित्व करते हैं. Master Page पर कोई भी आइटम दस्तावेज़ के सभी पृष्ठों पर दिखाई देता है.

Page Boundaries

ये आपके page के किनारों का प्रतिनिधित्व करते हैं. कोई भी text या image जो सीमाओं के बाहर स्थित हैं या उन्हें ओवरलैप करते हैं, उन्हें print नहीं किया जाएगा.

Scroll Bars

बहुत से word और अन्य microsoft programs, ये आपको उस पृष्ठ पर एक बिंदु से दूसरे पर जाने में सक्षम करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जिस पृष्ठ पर आप काम कर रहे हैं. हालाँकि, आप एक पृष्ठ से दूसरे पृष्ठ पर जाने के लिए scroll bars का उपयोग नहीं करेंगे.

Standered Toolbar

पेजमेकर के मेनू बार के नीचे स्टैंडर्ड टूल बार होती है। इसमें प्रयोग किये जाने वाली कमांड जैसे न्यू, ओपन, सेव, प्रिंट, फाइंड आदि आइकॉन के रूप में दिए होते है। जिन्हें आप पब्लिकेशन में काम करते समय प्रयोग में ला सकते है।

www.examplesindia.in

मार्जिन गाइड्स

पेज के अंदर टाइपिंग की जगह को निर्धारित करने के लिए इस ऑप्शन का प्रयोग किया जाता है। पेज पर यह नीले रंग की एक पतली रेखा के रूप में दिखाई देती है।

पेज बॉर्डर

इससे आप पेज की बार्डर सिलेक्ट कर सकते है। आपको कितनी बार्डर रखनी है अगर आपने कुछ टाइप किया है और वह पेज की बार्डर से बाहर चला जाता है तो वह प्रिंट निकालते समय प्रिंट नहीं होता है।

कण्ट्रोल पैलेट

इसमें फ़ॉन्ट, फ़ॉन्ट साइज़, बोल्ड, इटैलिक, अंडर लाइन, लाइन स्पेसिंग, आदि ऑप्शन दिए गए होते है। जो पब्लिकेशन पर काम करते समय किसी प्रकार की एडिटिंग करने में प्रयोग किये जाते है।

Toolbox



प्वांटर टूल (Pointer/Selection tool)

किसी पृष्ठ पर लगी हुई किसी भी प्रकार की वस्तु, जैसे पाठ्य, लाइन, बॉक्स , वृत्त, चित्र आदि को चुनने के लिए माउस प्वा◌ॅइटर उस वस्तु के ठीक ऊपर लाकर क्लिक कीजिए, चुनी हुई वस्तु के चारो ओर हैडिंल दिखाई पडते है, जिनसे आपको पता चलता है कि वह वस्तु चुनी हुई है।

आप इस टूल का उपयोग करके एक से अधिक वस्तुए भी एक साथ चुन सकते है, इसके लिए पहले एक वस्तु को क्लिक करके चुनिए और फिर अन्य वस्तुओ को बारी बारी से क्लिक करते समय शिफ्ट कुंजी को दबाए रखिए इससे वे सभी वस्तुए चुन ली जाएगी यदि चुनी जाने वाली वस्तुए पास पास है तो प्वांटर टूल को सक्रिय करके माउस प्वांटर से उनके चारो ओर एक काल्पनिक चैकोर घेरा बनाइए, इससे उस घेरे के अंदर जाने वाली सभी वस्तुए चुन ली जाएगी किसी चुनी हुई वस्तु को चुनाव से निकलने के लिए शिफ्ट दबाकर उसे क्लिक किजिए सभी चुनावो को रद्द करने के लिए कही खाली स्थान पर क्लिक कीजिए।

टेक्स्ट टूल (Text Tool)

इस टूल की सहायता से आप अपने प्रकाशन मे टैक्स्ट टाइप कर सकते है या पहले से टाइप किए हुए टैक्स्ट को चुन सकते है।टैक्स्ट टूल का प्रयोग करके आप टैक्स्ट को सेलेक्ट करने के साथ संशोधन कर सकते हैं, साथ ही साथ टैक्स्ट बॉक्स इंसर्ट कर सकते हैं।
टेक्स्ट टूल को इन्सर्ट करने के लिए टैक्स्ट टूल पर क्लिक कीजिये,फिर डॉक्यूमेंट पर क्लिक कीजिये तथा टैक्स्ट टाइप करना आंरभ कीजिये।

रोटेटिंग टूल (Rotating Tool)

किसी चुनी हुई वस्तु को 0.01° के अंतर से 360° तक घुमाने के लिए इस टूल का उपयोग किया जाता है इसके लिए पहले प्वांटर टूल का उपयोग करके उस वस्तु को चुन लीजिए, फिर रोटेटिंग टूल को क्लिक कीजिए। इससे माउस प्वांइटर का रूप बदलकर एक चोकोर तारे जैसा रूप ले लेगा अब माउस प्वांइटर को चुनी हुई वस्तु के उस बिन्दु पर ले जाइए, जिसको केन्द्र मानकर आप उसे घुमाना चाहते है वही माउस बटन को दबाकर पकड लीजिए और जिस दिशा मे आप उसे घुमाना चाहते है उसी दिशा मे माउस प्वांइटर को खीचंते हुए उस बिन्दु से एक लाइन बनाइए, जब आप उस लाइन को घुमाएंगे, तो चुनी हुई वस्तु भी घूमती हुई दिखाई देगी इच्छित अंश तक घुमाने के बाद माउस बटन को छोड दीजिए, इससे वह वस्तु उतनी ही घूम कर स्थिर हो जाएगी।

क्रॉप टूल (Crop Tool)

इसका प्रयोग करके आप इम्पोर्ट की गई इमेज को अपनी इच्छानुसार किसी भी आकार में छाँट सकते हैं। आप इस पेजमेकर टूल का प्रयोग केवल .tiff इमेज पर कर सकते हैं।

www.examplaelindia.in

लाइन टूल (Line Tool)

लाइन tool के जरिए आप पेजमेकर में किसी भी एंगल की लाइन Add कर सकते हैं।

यदि आप रेखा को 45° के अंतरो मे झुकी हुई बनाना चाहते है तो माउस प्वांइटर को खीचते समय शिफ्ट कुंजी को दबाकर पकड लीजिए।

ऑब्लिक लाइन टूल (Oblique Line Tool)

इसका प्रयोग करके आप एक कोण पर सीधी रेखाओं का निर्माण कर सकते हैं। ऑब्लिक लाइन टूल पर क्लिक कीजिये, तथा फिर डॉक्यूमेंट पर क्लिक कीजिये। एक लाइन का निर्माण करने के लिये इसे एच्छिक दिशा में ड्रैग कीजिये।

कॉन्सट्रेन्ड लाइन टूल (Constrained Line tool)

इस टूल का उपयोग क्षैतिज तथा ऊध्वाधर सरल रेखाए खीचने के लिए किया जाता है। कोई रेखा खीचने के लिए पहले इस टूल को क्लिक कीजिए। जिससे माउस प्वांइटर एक धन + चिन्ह का रूप ले लेगा। अब माउस बटन दबाकर माउस प्वांइटर को एक बिन्दु से दूसरे बिन्दु तक खीचिए। जिससे उन दोनो बिदुंओ के बीच एक क्षैतिज अथवा ऊध्वाधर सरल रेखा बन जाएगी। आप लाइन टूल का उपयोग करते समय शिफ्ट कुजीं को दबाए रखकर इस टूल का प्रभाव उत्पन्न कर सकते है। 45 डिग्री अंगेल और वर्टिकल हॉरिजॉन्टल की लाइंस को खींचने के लिए आपको इस टूल का इस्तेमाल करना है।

रेक्टेंगुलर टूल (Rectangle Tool)

इस टूल का उपयोग आयताकार तथा वर्गाकार आकृतिया बनाने के लिए किया जाता है। कोई आयत बनाने के लिए पहले इस टूल को क्लिक कीजिए, जिससे माउस प्वांइटर एक धन + चिन्ह का रूप ले लेगा। अब माउस बटन दबाकर माउस प्वांइटर को आयत के एक कोने से उसके सामने के दसरे कोने तक खीचिए। जिससे उन दोनो बिदुंओ के बीच आयत बन जाएगा। वर्ग बनाने के लिए ऊपर की क्रिया मे माउस प्वांइटर को खीचते समय शिफ्ट कुजी को दबा लिया जाता है।

बॉक्स टूल (Box Tool)

बॉक्स टूल का प्रयोग करके आप आयताकार आकारो (Rectangle) का निर्माण कर सकते हैं। बॉक्स टूल का चयन कीजिये तथा डॉक्यूमेंट पर क्लिक कीजिये। आयताकार आकार (Rectangle) का निर्माण करने के लिये इसे ड्रैग कीजिये।

सर्किल टूल (Ellipse/Circle Tool)

www.exampleindia.in

सर्किल टूल का प्रयोग करके आप एक वृत्ताकार या दीर्घवृत्ताकार (Circular or Elliptical)आकार का निर्माण कर सकते हैं। सर्किल टूल का चयन कीजिये, तथा फिर डॉक्यूमेंट पर क्लिक कीजिये। वृत्त या दीर्घवृत्त (Circle or ellipse) का निर्माण करने के लिये इसे ड्रैग कीजिये, दीर्घवृत्त बन जाएगा। दीर्घवृत्त बनाने के लिए माउस प्वांइंटर को खीचते समय शिफ्ट कुजी को दबा लिया जाता है।।

इलिप्स टूल (Ellipse Tool)

इस टूल का उपयोग दीर्घवृत्ताकार तथा वृत्ताकार आकृतिया बनाने के लिए किया जाता है। कोई दीर्घवृत्त या ओवल बनाने के लिए पहले इस टूल को क्लिक कीजिए, जिससे माउस प्वांइंटर एक धन + चिन्ह का रूप ले लेगा। अब माउस बटन दबाकर माउस प्वांइंटर की आकृति को के एक कोने से उसके सामने के दसरे कोने तक खीचिए। जिससे उन दोनो बिदुंओ के बीच एक ओवल या

सर्कुलर फ्रेम टूल (Circular Frame Tool)

सर्कुलर फ्रेम टूल का प्रयोग करके आप वृत्ताकार या दीर्घवृत्ताकार टैक्स्ट बॉक्स (Circular or elliptical text box) का निर्माण कर सकते हैं जिसमें आप टैक्स्ट टाइप भी कर सकते हैं। सर्कुलर फ्रेम टूल का चयन कीजिये, तथा फिर डॉक्यूमेंट पर क्लिक कीजिये। वृत्ताकार फ्रेम (Circular frame) का निर्माण करने के लिये इसे ड्रैग कीजिये। टूलबॉक्स से टैक्स्ट टूल का चयन कीजिये तथा फ्रेम के अंदर क्लिक कीजिये। अपना टैक्स्ट टाइप कीजिये। टैक्स्ट बॉक्स के अंदर सीमित हो जायेगा।

Ellipse Text Box

आप सर्कुलर या ओवल शेप कि टेक्सट boxes को पेजमेकर में ड्रॉ करने के लिए आप ellipse टूल की तरह ही Ellipse Text Box से कर सकते हैं।

पॉलीगन टूल (Polygon Tool)

पॉलीगन टूल का प्रयोग करके आप एक ऐसे आकार का निर्माण कर सकते हैं। जिसके चार से ज्यादा कोने होते हैं। सर्कुलर फ्रेम टूल का चयन कीजिये, तथा फिर डॉक्यूमेंट पर क्लिक कीजिये। बहुभुजाकार फ्रेम (Polygonal frame) का निर्माण करने के लिये इसे ड्रैग कीजिये। Polygonमें सुधार करने के लिये, Element पर क्लिक कीजिये ओर फिर ड्रॉप डाउन मेन्यू से Polygon Settings का चयन कीजिये।

Polygon Text Box

पोलिग्न tools में आप एक टेक्स्ट बॉक्स क्रिएट कर सकते हैं।

हैडं टूल (Hand Tool)

www.exampaleindia.in

इस टूल का उपयोग प्रकाशन के किसी भी पृष्ठ को स्क्रीन पर इधर उधर या ऊपर नीचे सरकाने के लिए किया जाता है ताकि आप उसका इच्छित भाग देख सके।

जूम टूल (Zoom Tool)

लगभग हर किसी प्रोग्राम में आज zoom फीचर देखने को मिलता है।आप ग्राफिक्स को स्क्रीन पर छोटा या बडा करके बारीकी से देखने के लिए पेजमेकर में दिए गए इस टूल का उपयोग कर सकते हैं।

पेजमेकर 7.0 की मेनू बार (Page Maker 7.0 Menu Bar) :

File Menu(Alt+F) के एक-एक options को समझे

File Menu के सभी options का उपयोग file बनाने, edit करने, open करने, save करने, print करने इत्यादि जैसे कार्य करने के लिए होता है.



- Open Ctrl+O किसी भी शेर की हुई फाइल को ओपन करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Recent Publications इसकी मदद से हाल ही में प्रयोग या बनाये गए फाइल को ओपन करने के लिए प्रयोग करते हैं।

- Close Ctrl+W किसी भी पब्लिकेशन को बंद करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Save Ctrl+S किसी भी पब्लिकेशन को हार्ड डिस्क में सुरक्षित सेव करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Save As Shift+Ctrl+S पब्लिकेशन को किसी अन्य फॉर्मेट या किसी अन्य जगह और किसी अन्य नाम से सेव करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Revert कोई भी पब्लिकेशन खोलने के बाद उसमें चेंज करते समय कुछ बिगड़ जाए या कुछ डिलीट हो जाए तो रिवर्ट करने से वापस नए जैसा हो जाएगा।
- Place Ctrl+D पेजमेकर में किसी भी फाइल को इंपोर्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Acquire of Bitmap jpg in this program with High Resolution किसी भी Pmd डॉक्यूमेंट में कोई भी इमेज किसी भी स्कैनर कैमरा के माध्यम से लेना हो तो इसके लिए फाइल मेनू ऑप्शन सेलेक्ट कर लेते हैं सलेक्ट करने के बाद Acquire आप्शन के जरिए इमेज को इंसर्ट किया जा सकता है।
- Export किसी भी प्रकार के PMD फाइल को विविध प्रकार की पीडीएफ वेबपेज तथा ग्राफिक संबंधित फाइल में एक्सपोर्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Link Manager Shift+Ctrl+D डॉक्यूमेंट पर लाए गए किसी भी बीएमपी तथा जेपीजी फाइल का कंटेंट्स प्रदर्शित करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Document Setup Shift+Ctrl+D इंसर्ट किए गए किसी भी पेज को अपने प्रकार से साइज मार्जिन गेस्चर तथा पेज नंबरिंग सेट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Printer Style इसके माध्यम से प्रिंट स्टाइल सेट किया जाता है।
- Print Ctrl+P इसके माध्यम से किसी भी पीएमडी फाइल को प्रिंट किया जाता है।
- Preference>General किसी भी पीएमडी डॉक्यूमेंट पर प्रिंटर डीपीआई के अनुसार इंसर्ट किए गए किसी जेपीजी तथा बीएमपी फाइल को हाई रेसोलुशन में प्रदर्शित करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Send Mail वर्तमान में खुले हुए पब्लिकेशन को इलेक्ट्रॉनिक मेल द्वारा किसी अन्य को भेजने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Exit Ctrl+Q इसके माध्यम से पेजमेकर को बंद किया जाता है।

Edit Menu के एक-एक options को समझे



www.examparindia.in

एडिट मेनू नाम से ही स्पष्ट हैं डॉक्यूमेंट में एडिट करना जैसे कट कॉपी पेस्ट जैसे ऑप्शन को जानते होंगे अगर आप नहीं जानते तो यहां इसे पढ़ लें:-

- Undo Ctrl+Z एक स्टेप पीछे करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Cut Ctrl+X किसी भी सिलेक्ट किए हुए टेक्स्ट या फोटोज को कट (स्थान्तरण) करके क्लिपबोर्ड में रखने के लिए प्रयोग करते हैं तथा इसी पेस्ट के द्वारा कहीं भी चिपकाया जा सकता है।
- Copy Ctrl+C किसी भी टेक्स्ट या फोटो को कॉपी करके डुप्लीकेट बनाने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Paste Ctrl+V कट या कॉपी किए हुए मैटर को पेस्ट के द्वारा चिपकाने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Clear (Del) सिलेक्ट किए हुए किसी भी ऑब्जेक्ट टेक्स्ट को क्लियर के द्वारा मिटाने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Select All Ctrl+A इसके माध्यम से सभी प्रकार के फोटोस टेक्स्ट ऑब्जेक्ट पूर्ण पब्लिकेशन को सिलेक्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Deselect All Shift+Ctrl+A सिलेक्ट किए हुए किसी भी टेक्स्ट फोटोस या ऑब्जेक्ट की सिलेक्शन हटाने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Paste Multiple इसके माध्यम से कट या कॉपी किए गए किसी भी मैटर को कई स्टेप में पेस्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं इसमें आप कई लेयर में कॉपी तैयार कर सकते हैं और इसकी दूरी भी सेट कर सकते हैं।
- Paste Special किसी भी फोटोज ऑब्जेक्ट या टेक्स्ट को किसी अन्य सॉफ्टवेयर से कॉपी करके पेजमेकर में पेस्ट स्पेशल की मदद से फॉर्मेट सेट करके पेस्ट किया जा सकता है।
- Insert Object इसके माध्यम से किसी अन्य सॉफ्टवेयर से कोई भी ऑब्जेक्ट, प्लेन टेक्स्ट, बारकोड, कैलेंडर या किसी भी एक्सल, पावरप्वाइंट का फाइल इंसर्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Edit Story Ctrl+E इसके माध्यम से किसी भी डॉक्यूमेंट को टाइप करने के लिए प्रयोग करते हैं तथा टाइप करने के बाद एडिट लेआउट पर क्लिक करते हैं क्लिक करने पर कर्सर बदल कर टेक्स्ट कर्सर में आ जाएगा जैसे ही क्लिक करेंगे आपका टेक्स्ट पेज पर दिखने लगेगा।

Layout Menu के एक-एक options को समझे



- Go to Page Alt+Ctrl+G किसी भी पेज पर जाने के लिए गो टो पेज का प्रयोग करते हैं।

- Insert Pages जब एक या एक से अधिक पेज लेना हो तो इंसर्ट पेजस पर क्लिक करके नंबर ऑफ पेज एड करने के बाद इंसर्ट पर क्लिक करने पर पेज इंसर्ट हो जाएगा।
- Remove Pages एक या एक से अधिक तेज को मिटाने के लिए रिमूव पेज का प्रयोग करते हैं।
- Sort Pages सार्ट पेज की मदद से इन्सर्ट किए हुए सभी पेजों को एक डायलॉग बॉक्स में देखने के लिए प्रयोग करते हैं जिससे आप किसी भी पेज पर क्लिक करने के बाद ओके करने पर उस पेज पर जा सकते हैं।
- Go Back (Ctrl+PageUp) /Go Forward (Ctrl+PageDown) जब ढेर सारा पेज इन्सर्ट किया गया हो तो गो बैक, गो फॉरवर्ड की मदद से पेज को बदल सकते हैं। इसका शॉर्टकट किय में आप पेज अप पेज डाउन का प्रयोग कर सकते हैं।
- Column Guides बाय डिफॉल्ट पेजमेकर में एक मार्जिन सेट रहता है अगर आप चाहते हैं कि कई सारा मार्जिन लगा हो तो आप कॉलम गाइड की मदद से सेट कर सकते हैं और आप इसमें अपनी दूरी भी सेट कर सकते हैं।
- Copy Master Guides कॉलम गाइड्स मूव हो जाने पर कॉपी मास्टर गाइड्स पर क्लिक करने से पुनः अपने स्थान पर हो जाता है।
- Auto Flow ऑटो फ्लो ड्रॉपडाउन की तरह है जिस पर टिक लगाने के बाद आप जब भी मौत से कर सर किसी भी मेनू पर ले जाएंगे तो ऑटोमेटिकली वह फ्लो होकर खुलेगा।

Type menu के एक-एक options को समझे



- Font इसके प्रयोग से बाय डिफॉल्ट वाला फोंट चेंज करने के लिए प्रयोग करते हैं जैसे में by default फॉण्ट Times New Roman होता है। जिसे बदलकर दूसरा फॉण्ट भी लगाया जा सकता है।
- Size font साइज बदलने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Note- Leading/Expert Kerning/Expert Tracking/ Horizontal Scale. इन सभी का कार्य सिर्फ स्पेस बढ़ाने घटाने के लिए प्रयोग किया जाता है इसमें एक्सपर्ट कर्निंग कॅरेक्टर स्पेसिंग को**

बढ़ाता है उसी प्रकार एक्सपर्ट ट्रैकिंग भी बढ़ाता है परंतु यह वर्ड के अनुसार स्पेसिंग बढ़ाता है। लीडिंग किसी पैराग्राफ के लाइन स्पेसिंग को बढ़ाने या घटाने के लिए प्रयोग करते हैं।

- लीडिंग पॉइंट किसी भी पैराग्राफ के लाइन स्पेसिंग देने के लिए प्रयोग करते हैं।
- एक्सपर्ट करनिंग किसी भी सेलेक्ट किए गए शब्दों तथा वाक्यों में कैरेक्टर स्पेसिंग देने के लिए प्रयोग करते हैं। एक्सपर्ट ट्रैकिंग इसका प्रयोग दो या दो से अधिक शब्दों के बीच की दूरियों को स्पेसिंग टाइटल लूज करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- हॉरिजॉन्टल स्केल किसी भी पैराग्राफ में कैरेक्टर स्पेसिंग तथा नॉर्मल मोड से ऊपर या नीचे तक लूज मोशन में सेट करने के लिए प्रयोग करते हैं तथा इनके साथ साथ फर्स्ट लाइन इंडेंट को भी सेट कर सकते हैं।
- Indent/tabs इनका प्रयोग ज्यादातर किसी भी पैराग्राफ तथा फर्स्ट लाइन इंडेंट को रूलर बार के माध्यम से सेट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- हाई डेफिनेशनकिसी भी वाक्य यात्रा पर या ग्राफ के अंतर्गत सोते हुए शब्दों को आपस में जोड़ने के लिए प्रयोग करते हैं।

- Type Style टाइप स्टाइल से टेक्स्ट को नार्मल बोल्ड इटैलिक आदि करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Character Ctrl+T कैरेक्टर स्पेसिफिकेशन सेटिंग करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Paragraph Ctrl+M इसके प्रयोग से पैराग्राफ स्पेसिफिकेशन जैसे पैराग्राफ स्पेसिंग अलाइनमेंट, डिक्शनरी, आदि प्रयोग कर सकते हैं।
- Indents/tab Ctrl+I रूलर के अनुसार आइडेंट लगाने के लिए प्रयोग करते हैं। इसे टैब भी कह सकते है।
- Hyphenation जब कोई पैराग्राफ लाइन भर जाता है तो ब्रेक होकर दूसरी लाइन में आ जाता है उस समय जो वर्ड कटा होता है उसमें एक छोटा सा डैस लग जाता है जिसे हाइफेनशन कहा जाता है।
- Alignment एलाइनमेंट सेट करने के लिए प्रयोग करते है।
- Style इसकी मदद से आप अपने टेक्स्ट को Normal, Heading, Subheading जैसे ऑप्शन को लगा सकते है।
- Define Style Ctrl+3 इसकी मदद से खुद की टेक्स्ट स्टाइल तैयार कर सकते जैसे हैडिंग सबहेडिंग, आदि।

Element Menu के एक-एक options को समझे

www.examjankari.in



- Fill इस विकल्प की मदद से बनाए गए किसी भी ऑब्जेक्ट में सॉलिड कलर Pattern फील करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Stroke इस विकल्प का प्रयोग किसी भी शेप का आउटलाइन मोटा पतला और कलर बदलने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- Fill and Stroke (Ctrl+U) ऊपर दिए हुए दोनों विकल्पों को एक ही डायलॉग बॉक्स में ओपन करके फील और स्ट्रोक दोनों का इस्तेमाल कर सकते है साथ ही अपने अनुसार कलर भी फील सकते है।
- Frame ड्रॉ किए हुए कोई भी शेप में फ्रेम लगाने के लिए प्रयोग करते हैं फ्रेम का कार्य शेप के अंदर इमेज को इंसर्ट (Place) करना होता है।
- Arrange ऑप्शन की मदद से किसी भी ऑब्जेक्ट को अरेंज करने के लिए प्रयोग करते हैं जिसमें उस ऑब्जेक्ट को सेंड टू बैक ब्रिंग टू प्लांट करने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- Align Objects(Shift+Ctrl+E) दो या दो से अधिक ऑब्जेक्ट को आपस में एलाइनमेंट करने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- Text Wrap (Alt+Ctrl+E) यह ऑप्शन आपने माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में जरूर पढ़ा होगा टेक्स्ट रैपिंग इसका कार्य भी वही है किसी भी इमेज फाइल को या किसी object को टेक्स्ट रैपिंग करना
- Group(Ctrl+G) दो या दो से अधिक पेपर या टेक्स्ट को ग्रुप करने के लिए प्रयोग किया जाता है।

www.examsindia.in

- Ungroup (Shift+Ctrl+G)किसी भी ग्रुप किये हुए shape या टेक्स्ट को अनग्रुप करने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- Lock Position(Ctrl+L) ऑप्शन का प्रयोग किसी भी शेप या टेक्स्ट को उसका पोजीशन लॉक करने के लिए प्रयोग करते हैं ताकि वह शेप या टेक्स्ट उस जगह से हिल ना सके।
- Unlock(Alt+Ctrl+L) लॉक किए गए शेप या ऑब्जेक्ट को अनलॉक करने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- Mask (Ctrl+6) / Unmask (Shift+Ctrl+6) जिस प्रकार फोटोशॉप में मास्किंग का प्रयोग करते है उसी तरह पेजमेकर में भी मस्कींग और अनमास्किंग का प्रयोग करते है।
- Image इन्सर्ट की गए इमेज पर फोटोशॉप इफ़ेक्ट देने और CMS (Color Management System) सेटिंग देखने के लिए प्रयोग करते है।
- Polygon Settings इसकी सहायता से आप पोलीगोन टूल की नंबर ऑफ़ पोलीगोन को बढ़ा सकते है यानि इसकी कोण को बढ़ा सकते है।
- Rounded Corners इसकी सहायता से आप रेक्टेंगल टूल की कार्नर को राउंड शेप में करने के लिए प्रयोग करते है।
- Link Info इन्सर्ट किये इमेज फाइल की इनफार्मेशन यानि लोकेशन देखने के लिए प्रयोग करते है कि यह फाइल हमारे कंप्यूटर की किस जगह से ली गयी है जैसे डेस्कटॉप, माय पिक्चर आदि।
- Link Option इन्सर्ट किये इमेज फाइल की इनफार्मेशन जैसे फाइल किस नाम से है और किस एक्सटेंशन में है।
- Non-Printing किसी ऑब्जेक्ट इमेज या टेक्स्ट को सेलेक्ट करने के बाद नॉन प्रिंटिंग पर क्लिक कर देने से प्रिंट के समय यह प्रिंटआउट नहीं होगा।
- Remove Transformation किसी इमेज, ऑब्जेक्ट को रोटेट करने के बाद उस ट्रांफॉर्मशन को हटा कर पहले अवस्था में करने के लिए प्रयोग करते है।

Utilities Menu के एक-एक options को समझे



- Plug In बैलेंस कालम इसका प्रयोग ज्यादातर किसी भी पेज पर बनाए गए कॉलम के माध्यम से बनाए गए पैराग्राफ स्टेटमेंट एलाइनमेंट सेट करने के लिए प्रयोग करते हैं। इसके अंदर के कुछ ऑप्शन बुलेट में निचे दिए गए है।

www.exampaperindia.in

- Build Booklet पब्लिशिंग डिपार्टमेंट के अंतर्गत एक या एक से अधिक टेबल ऑफ कंटेंट के माध्यम से कई बुक को एक ही फाइल में सेव करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Color Library CMS के अंतर्गत सभी रंगों लाइब्रेरी तैयार करते हैं।
- Global link option इसके माध्यम से कंप्यूटिंग के जरिए एक साथ रनिंग कर रहे प्रोग्राम को ऑप्शन लिंक कराने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Grid Manager इनका प्रयोग ज्यादातर पेज पर लिखे गए सभी स्टेटमेंट को रेड लाइन के माध्यम से सेट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Keyline किसी भी ऑब्जेक्ट या पैराग्राफ स्टेटमेंट को पैराग्राफ लाइन के अनुसार सेट करने के लिए प्रयोग करते हैं इसके अंतर्गत किसी भी ऑब्जेक्ट को पैराग्राफ के आउट साइड में सेट करने के लिए प्रयोग कर सकते हैं।
- Merge Records विजुअल बेसिक एडिटिंग के माध्यम से कस्टमाइज़ पुल निर्माण करने के दौरान डाटा को पेजमेकर से लिंक कराने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Running Header & Footer इस विकल्प का प्रयोग ज्यादातर उस समय करते हैं जब किसी भी प्रकार के टेक्स्ट हेडिंग को हिडर तथा फूटर में इस्तेमाल करना हो।
- Save For Service Provider किसी भी दस्तावेज को पब्लिशिंग के दौरान सेट करने के लिए प्रयोग करते हैं।

- Find Ctrl+F) पेजमेकर में किसी टेक्स्ट, वर्ड, पैराग्राफ को खोजने के लिए प्रयोग करते है।
- Find Next (Ctrl+G)किसी एक वर्ड को खोजने के बाद वही वर्ड दूसरे जगह है या नहीं उसी को खोजने के लिए प्रयोग करते है यदि दूसरे जगह भी वही वर्ड होगा तो वह सेलेक्ट हो जायेगा यदि नहीं रहेगा तो आपको बता देगा।
- Change (Ctrl+H) यह खोजे गए वर्ड को बदलने के लिए प्रयोग करते है। आप फाइंड-रिप्लेस “एम एस वर्ड” में जरूर पढ़ा होगा वही ऑप्शन का नाम इसमें Replace की जगह change रखा गया है।
- Spelling (Ctrl+L) ग्रामर मिस्टेक और स्पेलिंग मिस्टेक को फाइंड करने के लिए प्रयोग करते है।
- Book इसका प्रयोग किसी भी बुक का निर्माण करने तथा कई सारे बुक को जोड़ने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Index Entry (Ctrl+Y) किताब को छापने से पूर्व लेसन के टॉपिक के बारे में index तैयार करने के लिए प्रयोग करते हैं इनका ज्यादातर प्रयोग मास्टर पेज के जरिए होता है।
- Show index उपरांत ऐड किए हुए टॉपिक्स को शुरू कराने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Create Index पेजमेकर पब्लिकेशन में इंडेक्स को बनाने के लिए प्रयोग करते है।
- TOC इसका मतलब होता हैं टेबल ऑफ़ कंटेंट इसका प्रयोग किताब चैप्टर्स को एक जगह दिखाना ताकि किताब में छपे हुए चैप्टर किस पेज नम्बर पर हैं।
- Define Colorsइस विकल्प का प्रयोग हम किसी भी कलर को बनाने डिलीट करने और नाम बदलने का काम कर सकते है।

View Menu के एक-एक options को समझे

व्यू का मतलब तो आप लोग जानते ही है इसी से सम्बंधित विकल्प इस मेनू में उपलब्ध है जैसे किस ऑप्शन को आप दिखाना चाहते है किस ऑप्शन को नहीं यहाँ से सेट कर सकते है।

www.examplehindia.in

- Display Master Items इस विकल्प का कार्य सिर्फ मास्टर पेज के आइटम्स को दिखने और छिपाने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- Display Non-Printing Items (Alt+Ctrl+N) इस ऑप्शन से नॉन प्रिंटिंग टेक्स्ट या आइटम्स को देखने और छिपाने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- Zoom In (Ctrl++)पेजमेकर डॉक्यूमेंट को बड़ा करके देखने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- Zoom Out (Ctrl+-) पेजमेकर डॉक्यूमेंट को छोटा करके देखने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- Actual Size (Ctrl+1) पेजमेकर डॉक्यूमेंट का एक्चुअल पिक्सेल देखने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- Fit in Windows (Ctrl+0) पेजमेकर डॉक्यूमेंट को फिट ऑन स्क्रीन करके देखने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- Entire Pasteboard (Shift+Ctrl+0) पेजमेकर डॉक्यूमेंट छोटा करके पेस्टबोर्ड देखने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- Zoom To इस ऑप्शन का प्रयोग किसी सिलेक्टेड ऑब्जेक्ट को फुल स्क्रीन ज़ूम करके देखने के लिए प्रयोग करते है।
- Hide Rulers(Ctrl+R) इस विकल्प का प्रयोग रूलर बार को छिपाने के लिए प्रयोग करते है।
- Snap To Rulers (Alt+Ctrl+0)
- Zero Lock
- Hide Guides (Ctrl+;) लगाए गए गाइड्स को छिपाने और दिखने के लिए प्रयोग करते है।
- Snap to Guides (Shift+Ctrl+;)
- Lock Guides (Alt+Ctrl+;) लगाए गए गाइड्स लॉक करने के लिए प्रयोग करते है ताकि वो अपनी जगह से खिसक ना सके।
- Clear Ruler Guides ढेर सारे लगाए गए गाइड्स को एक बार में ही हटाने के लिए प्रयोग करते है।
- Send Guides to Back लगाए गए गाइड्स को डॉक्यूमेंट के पीछे भेजने के लिए प्रयोग करते है
- Hide Scroll Bars हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल स्क्रॉल बार को छिपाने और दिखाने के लिए प्रयोग करते है।

Window Menu के एक-एक options को समझे

इस में मेनू का कार्य है सिर्फ डायलॉग बॉक्स को लाना और छिपाना जैसे टूल को हाईड कर देना कण्ट्रोल पैनल को हाईड करना आदि।



- Arrange Icon पेजमेकर में दिए गए सभी विकल्प में आइकॉन को arrange करने के लिए प्रयोग करते है यह ऑप्शन किसी किसी कंप्यूटर में वर्क नहीं करता है।
- Tile यह व्यू स्टाइल होता है। खुला हुआ पब्लिकेशन यानि पेजमेकर डॉक्यूमेंट को टाइल स्टाइल में देखने के लिए प्रयोग करते है। टाइल स्टाइल खुले हुए पब्लिकेशन को बराबर साइज में बाट देता है।
- Cascade टाइल की तरह ही यह स्टाइल भी वर्क करता है लेकिन थोड़ा सा प्रीव्यू अलग दिखता है। कास्केड स्टाइल में एक के ऊपर एक चढ़ा हुआ रहता है।
- Hide Tool इस ऑप्शन का कार्य टूल बॉक्स को छिपाना और लाना होता है।
- Hide Control Palette पेजमेकर में कण्ट्रोल पैनल को छिपाने और लाने के लिए प्रयोग करते है।
- Show Colors इस ऑप्शन की मदद से कलर बॉक्स को छिपाने और लाने के लिए प्रयोग करते है।
- Hide Style पेजमेकर में पहले से बना हुआ स्टाइल जैसे Headline, Subhead आदि वाले डायलॉग बॉक्स को हाईड करने और लाने के लिए प्रयोग करते है।
- Hide Layer इस ऑप्शन का प्रयोग लेयर डायलॉग बॉक्स छिपाने और लाने के लिए प्रयोग करते है।
- Show Master Pageइस ऑप्शन का प्रयोग मास्टर पेज डायलॉग बॉक्स छिपाने और लाने के लिए प्रयोग करते है।
- Show Hyperlinks इस ऑप्शन का प्रयोग Hyperlinks डायलॉग बॉक्स छिपाने और लाने के लिए प्रयोग करते है।
- Plug-in Palettes जिस प्रकार सभी ऑप्शन लाने छिपाने के लिए प्रयोग करते है उसी प्रकार यह विकल्प भी कार्य करता है इसके अंदर पांच विकल्प दिए गए जिसे हाईड और शो किया जा सकता है।
- Untitled-1 यह नाम डॉक्यूमेंट का नाम शो कर रहा है यदि इसके जगह आप अपने पब्लिकेशन नाम से सेव करते है तो नाम शो होता है। इसका कार्य कुछ नहीं है सिर्फ हमें यह दिखाता है की कौन सा

पब्लिकेशन ओपन है और sign टिक का मतलब है उसपर कार्य हो रहा है। यदि इसके अलावा भी कई पेज ओपन है तो सबका लिस्ट दिखाई देगा और जिसपे कार्य किया जा रहा होगा उसपे टिक लगा होगा।

-

Help Menu के एक-एक options को समझे

इस ऑप्शन के मदद से आप किसी भी प्रकार का सहायता ले सकते हैं ।



- Registration रजिस्टर किए हुए यूजर की सीरियल की और डिटेल वगैरह को देखने के लिए प्रयोग करते हैं।
- Adobe Online एडोब ऑनलाइन की मदद से ऑनलाइन किसी भी हेल्प को पाने के लिए प्रयोग करते हैं और अब यह सुविधा बंद कर दी गई है।
- About PageMaker इसके अंदर आप PageMaker के बारे में थोड़ी सी जानकारी पढ़ सकते हैं जिसमें पेजमेकर में कौन सा वर्जन है इसको इंस्टॉल किया गया तो कौन सा सीरियल की डाला गया रजिस्ट्रेशन में किसका नाम लिखा है आदि जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रयोग करते है।

www.examplreindia.in